श्रद्धा एवं उमंग से मना गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व, विशेष दीवान सजा, कीर्तन हुआ



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को राजधानी के गुरूद्वारों में सिख धर्म के पहले गुरु गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व श्रद्धा एवं उमंग से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष दीवान सजाए गए गुरवाणी का पाठ और कीर्तन हुआ। इस दौरान गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। प्रथम गुरू साहिब गुरू नानक देव के पावन प्रकाश पर्व पर हमीदिया रोड स्थित गुरुद्वारा नानकसर में धार्मिक दीवान में लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने शामिल होकर गुरू महाराज के चरणों में शीश नवाया। साथ ही गुरबाणी कीर्तन का आनंद लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से अमृतसर से पधारे भाई कमलजीत सिंह जी,हजूरी रागी जत्था श्री दरबार साहिब,अमृतसर ने अपनी मधुर गुरबाणी एवं कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। उन्होंने गुरू नानक देव जी महाराज के महान उपदेशों को जीवन में धारण करने का संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को 'किरत करो, नाम जपो और वंड छको' के सिद्धांतों पर चलते हुए ईमानदारी से मेहनत करनी चाहिए। प्रभु का नाम सिमरन करना चाहिए तथा अपनी कमाई में से जरूरतमंदों के साथ बांटकर खाना चाहिए। उन्होंने सर्वत के भले की अरदास एवं मानवता की सेवा का संदेश भी दिया। भाई हरप्रीत सिंह जी जड़ियाला ने कथा के माध्यम से गुरु नानक देव जी महाराज के जीवन,उनकी शिक्षाओं एवं मानव कल्याण के लिए किए गए महान कार्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर महापौर मालती राय एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र खंडेलवाल ने भी गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर गुरू महाराज के समक्ष शीश नवाया एवं समस्त मानवता की सुख-शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान गुरू का अटूट लंगर बरताया गया।

गुरुद्वारा के नवनिर्मित हॉल का विधायक सबनानी ने किया लोकार्पण



दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने गुरु नानक जयंती के अवसर पर पंचशील नगर में नवनिर्मित गुरुद्वारा हॉल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज के पावन दिवस मुझे इस हॉल का लोकार्पण करने का अवसर प्राप्त हुआ। मेरा निरंतर प्रयास है कि हमारे विधानसभा क्षेत्र के सभी धार्मिक स्थलों का वातावरण स्वच्छ, शांत और समस्त सुविधाओं से परिपूर्ण हो। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी राजू अनेजा, क्षेत्रीय पार्षद गिरिजा राजेश खटीक, वरिष्ठ नेता महेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इसके अलावा विधायक भगवानदास सबनानी ने टीटी नगर, शास्त्री नगर, अरेरा कॉलोनी एवं चूना भट्टी गुरुद्वारे में भी मत्था टेका।

गुरुद्वारा बाबा जोगासिंह में कीर्तन हुआ



पुराना सुभाष नगर स्थित गुरूद्वारा बाबा जोगासिंह में विशेष दीवान सजाया गया। अनिल चावला ने बताया कि गुरबाणी का पाठ और कीर्तन हुआ। सैकड़ों लोगों ने गुरू जी के समक्ष शीश नवाया। इस अवसर पर गुरूजी का अटूट लंगर बरताया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कंधा लगने की बात पर चार लोगों ने युवक को अधमरा कर दिया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कटारा हिल्स थाना के लहारपुर में सोमवार रात गली से निकलते समय एक युवक का कंधा एक युवक से टकरा गया। इस बात को लेकर चार लोगों ने युवक और उसके साथियों पर चाकू और ईंट से हमला कर अधमरा कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को एम्स में भर्ती कराया गया है। जानलेवा हमले का केस दर्ज कर पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कटारा हिल्स थाना प्रभारी थाना प्रभारी संतोष रघुवंशी ने बताया कि सोमवार रात लगभग 10 बजे लहारपुर स्थित 70 क्वार्टर, हनुमान मंदिर के पास घटना हुई है। बागसेवनिया निवासी 24 वर्षीय शुभम महिरे अपने दोस्त करण आदिवाल और अंशु के साथ अपने मामा के घर आया था। गली से निकलते समय शुभम का कंधा आदित्य से टकरा गया। इसी बात पर आदित्य गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने अपने साथियों को बुला लिया। उन लोगों ने शुभम और करण से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान धनराज उर्फ धनुआ ने धारदार हथियार से करण के पेट पर वार किया, जबकि नागेंद्र उर्फ नगुआ और नितिन राव ने ईंट-पत्थर से हमला किया। करण के पेट, सिर और छाती में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने 70 क्वार्टर लहारपुर निवासी 22 वर्षीय नागेंद्र विश्वकर्मा, 22 वर्षीय धनराज विश्वकर्मा,21 वर्षीय नितिन राव और 21 वर्षीय आदित्य राव को गिरफ्तार कर लिया है।

युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः परवलिया सड़क थाना इलाके के जंगली क्षेत्र की झाड़ियों से एक युवक का शव बरामद किया गया है। युवक के सिर में पीछे की तरफ चोट का निशान मिलने से पुलिस ने हत्या की आशंका से इन्कार नहीं किया है। मृतक रायसेन जिले का रहने वाला था। परवलिया सड़क थाना प्रभारी एचएस वर्मा ने बताया कि सोमवार दोपहर ग्राम बगोनिया के जंगल में लाल तालाब के पास झाड़ियों में अज्ञात शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। स्थानीय लोगों ने उसकी पहचान ग्राम चांदपुरा जिला रायसेन निवासी 35 वर्षीय रमेश पुत्र मौजी बंजारा के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलने पर उसके परिवार के लोग आ गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि रमेश कुआं खोदने और कुआं के गहरीकरण का काम करता था। कुछ दिन पहले वह अपनी पत्नी मीना बंजारा के साथ काम के सिलसिले में अहमदपुर दोराहा के पास स्थित खाईखेड़ा गांव आया था। मीना की शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद रमेश की मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

महिला की मौत के मामले में पति एवं देवर गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः अवधपुरी थाना इलाके में 10 दिन पहले एक नवविवाहिता ने फांसी लगा ली थी। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने महिला के पति, देवर और सास के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया है। साथ ही पति और देवर को गिरफ्तार कर लिया है।

अवधपुरी थाना पुलिस के मुताबिक मूलतः छत्तीसगढ़ की रहने वाली 30 वर्षीय पूजा दास की शादी वर्ष 2022 में अवधपुरी में रहने वाले गौरव दास के साथ हुई थी। संयुक्त परिवार में रहने वाला गौरव रायसेन जिले में एक फैक्ट्री में काम करता था। 12 नवंबर को पूजा ने घर में फांसी लगा ली थी। इस मामले की जांच गोविंदपुरा एसीपी ने की थी। जांच के दौरान पूजा के मायके के लोगों ने गौरव और उसके परिवार के लोगों द्वारा दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद सोमवार शाम आरोपी पति गौरव, देवर सौरभ और सास अनीता के खिलाफ दहेज एक्ट, खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज किया था। मामले की जांच कर रहे गोकुल प्रसाद ने बताया कि इस मामले में गौरव और सौरभ को गिरफ्तार कर लिया गया है। सौरभ घर के पास किराना की दुकान चलाता था।

दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए सबनानी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 25 में मंगलवार को दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक भगवानदास सबनानी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने क्षेत्रवासियों और कार्यकर्ताओं को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक सबनानी ने कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने वार्ड में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी साझा की और आगामी विकास योजनाओं को लेकर नागरिकों से चर्चा की। साथ ही कार्यकर्ताओं से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने दीपावली पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला और आपसी सद्भाव एवं सहयोग की भावना को मजबूत करने की बात कही।

इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामस्वरूप शुक्रवारे, क्षेत्रीय पार्षद जगदीश यादव, मंडल अध्यक्ष पारस नरवरिया, दिनेश पांडे, गुड्डा शुक्ला, संदीप तोमर, अखिलेश पांडे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मंदिरों में विशेष अनुष्ठान हुए, सरोवरों में दीपदान कर मनाई देव दीपावली





नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शहर के मंदिरों में विशेष अनुष्ठान हुए। श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवरों में स्नान करने के साथ ही दान भी किया। देव दीवाली के उपलक्ष्य घरों-मंदिरों में बड़ी संख्या में दीप प्रज्ज्वलित किए गए। सरोवरों में दीपदान कर आतिशबाजी भी की गई। रायसेन रोड के पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के गर्भगृह की परिक्रमा में स्थापित सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व भी हर्षोल्लास से मनाया गया। श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव ने बताया कि शाम साढ़े चार बजे पंडित राजेन्द्र पलिया के सान्निध्य में भक्तों ने भगवान लड्डू गोपाल एवं श्रीहरि विष्णु का विधि-विधान से अभिषेक किया गया। इसके बाद महिलाओं ने पुष्पों से सहस्त्रार्चन कर सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। श्रद्धालुओं ने दीपदान,आरती एवं मंदिर की सामूहिक परिक्रमा में सहभागिता की। आयोजन में महिलाएं, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। अंत में प्रसाद वितरित किया गया। लालघाटी क्षेत्र स्थित गुफा मंदिर, बिड़ला मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भी विशेष अनुष्ठान हुए। तलैया के चौबदारपुरा स्थित श्री बांके बिहारी लाल मार्कण्डेय मंदिर में विशेष पूजन अर्चन के बाद शाम को छोटे तालाब स्थित बगिया में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दीपदान किया। शीतलदास की बगिया सहित शहर के अन्य सरोवरों में शाम को दीपदान किया गया।

सवा लाख दीपों से जगमगाया मध्यस्वामी मलय मंदिर



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के पावन अवसर पर अरेरा कॉलोनी स्थित मध्यस्वामी मलय मंदिर (कांचीमठ) में भव्य आयोजन किया गया।

इस दौरान मंदिर परिसर को करीब सवा लाख दीपों से सजाया गया। दीपों की रोशनी से पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा और श्रद्धालुओं को भक्तिमय वातावरण में दिव्य दर्शन का अवसर मिला। देव दीपावली के अवसर पर भगवान श्री कार्तिकेय स्वामी की विशेष पूजा-अर्चना और आराधना की गई।

धार्मिक अनुष्ठानों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

समान शिक्षा जन यात्रा का आज भोपाल में

भोपाल। मध्य प्रदेश में समान शिक्षा का संदेश लेकर बालाघाट से शुरू हुई 11 दिवसीय समान शिक्षा जन यात्रा का 25 नवंबर को भोपाल में समापन होगा। इस अवसर पर सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत बनाने और सरकारी स्कूलों में समान गुणवत्ता की शिक्षा, सुविधाएं एवं अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'समान शिक्षा जनसंकल्प' प्रस्तुत किया जाएगा। यह यात्रा बालाघाट से शुरू होकर सिवनी, छिंदवाड़ा, बैतूल, नर्मदापुरम, सीहोर होकर भोपाल पहुंच रही है।

सुन्दर साथ ने धूमधाम से मनाया पृथ्वी परिक्रमा पर्व



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः धाम के धनी मुरलिया वाले की आराधना करते हुए सुन्दर साथ ने मंगलवार को शिवाजी नगर स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में धूमधाम से पृथ्वी परिक्रमा पर्व मनाया।

श्रद्धालुओं ने शाम के समय चार इमली पहाड़ी की परिक्रमा की। मंदिर समिति के सचिव मम्तेश शर्मा ने बताया कि भक्तों ने मंदिर प्रांगण में रास गरबा नृत्य और ढोल मंजीरों के साथ रास के रमईया बंशी वाले के मनमोहक,पारंपरिक भजन गाये। श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती की। तत्पश्चात साथ में बैठकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन की ओर से 111 किलो हलुआ की प्रसादी श्रद्धालुओं में वितरित की गई। मंदिर परिक्रमा में महंत पंडित रूपराज शर्मा,संस्थापक पंडित भीखराज त्रिपाठी, पुजारी अमरनाथ शर्मा, डॉ. अतुल दुबे, डॉ. विनीत शर्मा, पंडित रजनीश त्रिपाठी,सत्यभूषण शर्मा, राजकुमार दुबे, विदुषी मीना त्रिपाठी,बबिता शर्मा, डॉ. लालिमा शर्मा, बिन्दुवाला शर्मा, विनीता शर्मा, डॉ. ऋचा दुबे,अर्चना त्रिपाठी,कामिनी तिवारी,कीर्ति शर्मा, पूर्णिमा शर्मा, प्रो. संजना शर्मा,पन्ना लाल द्विवेदी, संदेश शर्मा, सक्षम, विनायक उपस्थित थे।

गैस त्रासदी मामलाः दोषियों की अपील पर जल्द फैसला करने के निर्देश

- **मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने जिला अदालत से कहा- आरोपों में खामियों का परीक्षण अंतिम सुनवाई के दौरान किया जाए**

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने भोपाल गैस त्रासदी मामले में दोषियों की लंबित अपीलों पर सुनवाई को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति हिमांशु जोशी की एकल पीठ ने भोपाल जिला अदालत को यथासंभव 30 दिन के भीतर अपीलों की सुनवाई पूरी करने के निर्देश दिए हैं। हाई कोर्ट ने भोपाल निवासी एसपी चौधरी और अन्य की ओर से दायर तीन याचिकाएं निरस्त कर दीं। याचिकाओं में आरोपों में खामियों के मुद्दे पर अलग से सुनवाई कराने की मांग की गई थी। गौरतलब है कि दिसंबर 1984 में भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस का रिसाव हुआ था। इस हादसे में बड़ी संख्या में लोगों की जान गई थी। भोपाल की अदालत ने 7 जून 2010 को मामले के दोषियों को सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ दायर अपीलें अभी लंबित हैं। सुनवाई के दौरान बताया गया कि 25 अप्रैल 2022 को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 464 के तहत आरोपों में त्रुटियों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया गया था। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आरोपों में केवल त्रुटि होना पर्याप्त नहीं है। यह भी साबित करना होगा कि उससे न्याय प्रभावित हुआ है।

मानव संग्रहालय में 'पूनम-44' का आयोजन, सितार और सरोद की जुगलबंदी ने मोह लिया श्रोताओं का मन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में मंगलवार को शास्त्रीय संगीत श्रृंखला 'पूनम' की 44वीं कड़ी 'पूनम-44' का आयोजन किया गया। पूर्णिमा की चांदनी और झील के खूबसूरत वातावरण में मोहन ब्रदर्स ने सितार और सरोद की शानदार जुगलबंदी पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में सितार पर लक्ष्य मोहन और सरोद पर आयुष मोहन ने राग झिंझोटी, राग जोग और राग तिलक कामोद की प्रस्तुतियां दीं। उनके साथ तबले पर हिमांशु महंत और पखावज पर ज्ञानेश्वर देशमुख ने संगत की। संगीत संध्या की शुरुआत राग झिंझोटी के आलाप, जोड़ और झाला से हुई। इसके बाद सितारखानी ताल में रचना प्रस्तुत की गई। कलाकारों ने राग जोग में अपनी स्वरचित रचना भी पेश की। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण राग तिलक कामोद पर आधारित फिल्म 'अनुराधा' (1960) का लोकप्रिय गीत 'जाने कैसे सपनों में खो गई अखियां' रहा। इस गीत को सितार और सरोद के माध्यम से खूबसूरती से प्रस्तुत किया गया। इसका संगीत पंडित रविशंकर ने तैयार किया था और इसे लता मंगेशकर ने गाया था। मोहन ब्रदर्स ने अपनी विशिष्ट सितार-सरोद जुगलबंदी के माध्यम से भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित किया।

हादसा *एयरपोर्ट रोड पर कट प्वाइंट से अचानक मुड़ी कार...*

बाइक टकराई, युवक की मौत, दो गंभीर घायल



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः गांधीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार रात एयरपोर्ट मुख्य मार्ग पर एक कार डिवाइडर पर बने कट प्वाइंट से अचानक मुड़ गई। इस दौरान तेज रफ्तार से आ रही बाइक कार से टकरा गई। भीषण हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठे उसके दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों परवलिया सड़क रोड स्थित एक ढाबे पर खाना खाने जा रहे थे। पुलिस ने कार जब्त कर उसके चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। गांधी नगर थाना पुलिस के मुताबिक 20 वर्षीय मुजम्मिल शाहजहांनाबाद का रहने वाला था। सोमवार रात मुजम्मिल और उसके दोस्तों ने परवलिया सड़क स्थित ढाबे पर खाना खाने का प्लान बनाया था। दो बाइक पर सभी ढाबा जाने के लिए निकले थे। मुजम्मिल के साथ टीला जमालपुरा क्षेत्र में रहने वाले अयान और रजा भी सवार थे। रात लगभग एक बजे वे लोग एयरपोर्ट रोड से गुजर रहे थे। इस दौरान बकरा मार्केट के पास डिवाइडर में बने कट प्वाइंट से एक कार अचानक मुड़कर सड़क पर आ गई। इससे मुजम्मिल की तेज रफ्तार बाइक कार से टकरा गई। हादसे में मुजम्मिल और उसके साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक पर पीछे से आ रहे उनके दोस्त तीनों को उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल ले गए। वहां चैक करने के बाद डॉक्टर ने मुजम्मिल को मृत घोषित कर दिया। अयान और रजा का इलाज चल रहा है।

महिला के पर्स से 25 हजार रुपये चोरी

सिलवानी से भोपाल का बस में सफर रही महिला के पर्स से 25 हजार रुपये चोरी चले गए। वह बेटे की शादी के लिए खरीदारी करने पति के साथ भोपाल आ रही थी। पिपलानी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। पिपलानी थाना पुलिस के मुताबिक सिलवानी निवासी बलराम रजक महिला एवं बाल विकास विभाग में सहायक ग्रेड-1 के पद पर पदस्थ हैं। उनके बेटे दीपक की शादी जनवरी में तय हुई है। भोपाल में रहने वाली उनकी बेटी ने शादी की खरीदारी के लिए माता-पिता को भोपाल बुलाया था। रविवार को बलराम अपनी पत्नी ज्योति के साथ बस से भोपाल आ रहे थे। रात लगभग आठ बजे दोनों रत्नागिरी तिराहे पर उतरे। इसी दौरान पत्नी ने पर्स चेक किया तो उसमें रखे 25 हजार रुपये गायब थे। बलराम ने बस चालक और कंडक्टर को घटना बताई। दोनों ने बस रोककर तलाशी भी ली, लेकिन रुपये के बारे में कुछ भी पता नहीं चला।